# INDEX




| Sr. No. | Name of the document | Page No. |
|---|---|---|
| 1. | National Commemorative Days | 2-25 |
| 2. | International Commemorative Days | 26-32 |

## 1. National Commemorative Days

- **Republic Day**

# गुरुनानक कॉलेज में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस, फहराया ध्वज



पब्लिक मंच, डबवाली

गुरु नानक कॉलेज किलियांवाली के प्रांगण में 72 वां गणतंत्र दिवस मंगलवार को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने की रस्म कॉलेज प्रबंधन समिति के सदस्य पुष्पा जिंदल ने अदा की। उन्होंने इस राष्ट्रीय पर्व के इतिहास व महत्व पर रोशनी डालते हुए बताया कि गणतंत्र दिवस भारत का एक राष्ट्रीय पर्व है जो प्रति वर्ष 26 जनवरी को मनाया जाता है। इसी दिन सन् 1950 को भारत सरकार अधिनियम (एक्ट) (1935) को हटाकर भारत का संविधान लागू किया गया था। एक स्वतन्त्र गणराज्य बनने और देश में कानून का राज स्थापित करने के लिए संविधान को 26 नवम्बर 1949 को भारतीय संविधान सभा द्वारा अपनाया गया और 26 जनवरी 1950 को इसे एक लोकतान्त्रिक सरकार प्रणाली के साथ लागू किया गया था। इस मौके पर कॉलेज प्रबंधन समिति के सचिव श्री नीरज जिंदल ने खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि पिछले साल भारतीय वायु सेना में शामिल राफेल लड़ाकू जेट पहली बार परेड में भाग ले रहे हैं। उन्होंने देश में चल रही महामारी से बचने के लिए सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस संदर्भ में विस्तृत जानकारी देते हुए कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. सुरेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि कोविड-19 महामारी के चलते देश के वैज्ञानिको द्वारा तैयार की गई वैक्सीन जिसने हमे सुरक्षा प्रदान की है जोकि एक प्रशंसनीय कार्य है। इस अवसर पर हंसराज, डॉ. महेश बंसल, डॉ. कुलविंदर सिंह संधू, श्री सुखपाल सिंह भाटी, एनसीसी इंचार्ज प्रिंस सिंगला, असिस्टेंट प्रो. मानिक जिंदल व टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ उपस्थित था।


Principal
Guru Nanak College
Killianwali (Sri Muktsar Sahib)

# जीएन कॉलेज में पुष्पा जिन्दल ने किया ध्वजारोहण

डबवाली (लहू की लौ) गुरु नानक कॉलेज किलियांवाली के प्रांगण में 72वां गणतंत्र दिवस आज बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने की रस्म कॉलेज प्रबंधन समिति की सदस्य पुष्पा जिंदल ने अदा की।

उन्होंने इस राष्ट्रीय पर्व के इतिहास व महत्व पर रोशनी डालते हुए बताया कि गणतंत्र दिवस भारत का एक राष्ट्रीय पर्व है जो प्रति वर्ष 26 जनवरी को मनाया जाता है। इसी दिन सन् 1950 को भारत सरकार अधिनियम (एक्ट 1935) को हटाकर भारत का संविधान लागू किया गया था। एक स्वतन्त्र गणराज्य बनने और देश में कानून का राज स्थापित करने के लिए संविधान को 26 नवम्बर 1949 को भारतीय संविधान सभा द्वारा अपनाया गया और 26 जनवरी 1950 को इसे एक लोकतान्त्रिक सरकार प्रणाली के साथ लागू किया गया था।

इस मौके पर कॉलेज प्रबंधन समिति के सचिव नीरज जिंदल ने खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि पिछले साल भारतीय वायु सेना में शामिल राफेल लड़ाकू जेट पहली बार परेड में भाग ले रहे हैं। उन्होंने देश में चल रही महामारी से बचने के लिए सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों



की सराहना की। इस संदर्भ में विस्तृत जानकारी देते हुए कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. सुरेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि कोविड-19 महामारी के चलते देश के वैज्ञानिकों द्वारा तैयार की गई वैक्सीन जिसने हमें सुरक्षा प्रदान की है जोकि एक प्रशंसनीय कार्य है। इस अवसर पर हंसराज, डॉ. महेश बंसल, डॉ. कुलविंदर सिंह संधु, सुखपाल सिंह भाटी, एनसीसी CTO प्रिंस सिंगला, असिस्टेंट प्रो. मानिक जिंदल उपस्थित थे।


Principal
Guru Nanak College
Killianwali (Sri Muktsar Sahib)




## जीएन कॉलेज में मतदाता जागरूकता विषय पर करवाई गतिविधियां

**पब्लिक मंच, डबवाली**

गुरु नानक कॉलेज किलियांवाली के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों की ओर से कार्यक्रम अधिकारी प्रो. आशीष बाघला के निर्देशन में 20-21 सितंबर को राष्ट्रीय चुनाव आयोग के एस.वी.ई.ई.पी. कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता विषय पर विभिन्न गतिविधियां की गईं। स्वयंसेवकों ने अपने घर पर रहते हुए हमारे राष्ट्र के भविष्य के लिए मतदाता जागरूकता और इसके महत्व पर पोस्टर तैयार किए। उन्होंने वोट के अधिकार के बारे में फेसबुक, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया पर पोस्ट सांझा किए और लोगों को राष्ट्रीय विकास के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्राचार्य डॉ. सुरिंदर सिंह ठाकुर ने एन.एस.एस. विभाग के इन प्रयासों की सराहना की और उन्हें प्रेरित किया कि केवल जागरूक नागरिक ही राष्ट्र को बदल सकते हैं।






Principal
Guru Nanak College
Killianwali (Sri Muktsar Sahib)

# गुरुनानक कॉलेज स्टूडेंटस ने अधिकारों के प्रति जागरुक किया

डबवाली (लहू की लौ) गुरु नानक कॉलेज किलियांवाली के एन. एस. एस. स्वयंसेवकों की ओर से कार्यक्रम अधिकारी प्रो. आशीष बावला के निर्देशन में हमारे संविधान की मूल बातों पर नागरिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए अभियान में भाग लिया गया।

स्वयंसेवकों ने अपने घर पर रहते हुए फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया पर संविधान की प्रस्तावना छवि साझा की और लोगों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। यह अभियान भारतीय संविधान की 70वीं वर्षगांठ 26 नवंबर 2020 को समर्पित किया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के पहले दिन 27 अक्टूबर को स्वयंसेवकों ने देश में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सतर्कता जागरूकता सप्ताह के विषय सतर्क भारत, समृद्ध भारत पर भी चर्चा की और ईमानदारी का संदेश साझा किया।


**सच्चाई पर चलने के लिए किया प्रेरित :** प्राचार्य डॉ. सुरिंदर सिंह ठाकुर ने एन.एस.एस. विभाग के इन प्रयासों की सराहना की और उन्हें सच्चाई के रास्ते पर चलने के लिये प्रेरित किया।

Principal
Guru Nanak College
Killianwali (Sri Muktsar Sahib)

# गुरु नानक कॉलेज में मनाया एकता दिवस

डबवाली दर्पण

किलियांवाली। गुरु नानक कॉलेज में राजनीति शास्त्र विभाग की थिंकर सोसाइटी द्वारा 31 अक्टूबर का दिन राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर गूगल मीट पर आयोजित ऑनलाइन कार्यक्रम में कार्यक्रम का आरंभ राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. अमित बहल ने सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसी विराट शख्सियत जिनको स्वतंत्रता पश्चात हाशिए पर धकेलने का प्रयास किया गया, उस लौह पुरुष का स्वतंत्र भारत के पहले उप-प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री के रूप में देश को एकीकृत करने एवं अपनी दूरदर्शी सोच से भविष्य के सुनहरे भारत का निर्माण करने की बात विद्यार्थियों को बताकर किया गया । उन्होंने बताया कि भारत के लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती प्रत्येक वर्ष 31 अक्टूबर को मनाने के लिए भारत सरकार द्वारा साल 2014 में इस दिन की शुरुआत की गई थी एवं इस वर्ष देश स्वतंत्रता सेनानी वल्लभभाई पटेल की 145 वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मना रहा है । इस अवसर पर कॉलेज विद्यार्थियों बीए-1 से अर्चना, बीए-2 से हुस्नदीप, बीए-3 से पिंकी ने अपनी पेशकारियों से इस महान शख्सियत को सलाम किया ।





कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता वनाए रखने का संदेश देते हुए वर्तमान संदर्भ में सरदार पटेल के विचारों का महत्व समझाया,देश की एकता को चहूं और से पड़ रहे [illegible] करवाया एवं उनके द्वारा दिखाए मार्ग का अनुसरण करते हु[illegible] भारत निर्मित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर कॉलेज के बीए प्रथम, द्वितीय और तृतीय से राजनीति शास्त्र विषय के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे एव उन्होंने राष्ट्रीय एकता शपथ ली।

4 / 4


Pinky, 915
(33)
Amit Behal (You)
H
Husandeep 704
(33)
Hanish Sachdeva ...
NEW
Archana 401
(32)
ANSH NARANG
यह बिल्कुल सत्य है
कि पानी में तैरने वाले ही डूबते हैं,
किनारे खड़े रहने वाले नहीं, लेकिन किनारे
खड़े रहने वाले कभी तैरना नहीं सीख पाते।
सरदार पटेल
राष्ट्रीय एकता दिवस की
शुभकामनाएं

# गुरुनानक कॉलेज में ऑनलाइन मनाया गया संविधान दिवस

**पल पल न्यूजः डबवाली, 26 नवंबर (अशोक सेठी)।** गुरु नानक कॉलेज किलियांवाली में आज राजनीति शास्त्र विभाग की थिंकर सोसाइटी द्वारा संविधान दिवस के तौर पर संविधान की 71 वीं वर्षगांठ विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के साथ गूगल मीट के आनलाइन मंच पर मनाई गई। राजनीति शास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. अमित बहल ने कार्यक्रम का आरंभ करते हुए संविधान सभा, संविधान के निर्माण व उद्देश्यों पर विस्तृत रोशनी डाली व इस देश के सर्वोच्च कानून को धारण करने वाली पुस्तक संविधान के प्रति सदैव समर्पित रहने का संदेश दोहराया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस महान राजनीतिक ग्रंथ में हमारे स्वतन्त्रता संग्रामियों के स्वपन निहित हैं जिन्हें पूरा करना हमारा परम कर्तव्य है। इस अवसर पर संविधान दिवस की बधाई सभी को प्रेषित करते हुए कालेज प्रधानाचार्य डॉ. सुरिन्दर सिंह ठाकुर ने स्वतंत्रता संग्रामियों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए विद्यार्थियों व युवा पीढी को संविधान का धार्मिक ग्रंथ की तरह अनुसरण करने व इसके दिखाये मार्ग पर चलते हुए सुनहरे भारत के भविष्य निर्माण का आह्वान किया।

Principal
Guru Nanak College
Killianwali (Sri Muktsar Sahib)


(34)
Constitution
Day
26 November

**National Teachers Day**

# जीएन कॉलेज ने ऑनलाइन मनाया शिक्षक दिवस

## विद्यार्थियों ने कॉलेज के सभी अध्यापकों को इस पवित्र दिवस की दी बधाई

डबवाली, 6 सितम्बर (कृष्ण गिलोतरा): गुरु नानक कॉलेज किलियांवाली में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को समर्पित शिक्षक दिवस कॉलेज के सभी विद्यार्थियों को गूगल मीट लिंक और कॉलेज के फेसबुक पेज लिंक के साथ जोड़कर ऑनलाइन मोड पर मनाया गया। सबसे पहले विद्यार्थियों ने कॉलेज के सभी अध्यापकों को इस पवित्र दिन की बधाई दी। अंग्रेजी विभाग अध्यक्षा सुरेंद्र कपिला ने विद्यार्थियों का विशेषकर नवांगतुकों का गुरु नानक कॉलेज परिवार से जुड़ने के लिए स्वागत किया। कॉलेज प्रिंसीपल डॉ. सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने अपने संबोधन में इस दिन का महत्व बताते हुए अपने शिक्षकों को हमेशा सम्मान देने का संदेश दिया एवं आज कोविड-19 के विकट हालातों में भी नवीनतम तकनीक के जरिए विद्यार्थियों से इस वर्चुअल मंच पर जुड़ने की खुशी जताई। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जीवन के प्रत्येक पग पर हमें अपने गुरुओं के आशीर्वाद की जरूरत रहती है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन द्वारा



ऑनलाइन शिक्षक दिवस मनाते शिक्षक व विद्यार्थी। (छाया: कृष्ण गिलोतरा)

कोरोना वैक्सीन सर्वप्रथम देश के शिक्षकों एवं डॉक्टरों को दिए जाने का उदाहरण देते हुए उन्होंने अध्यापक का राष्ट्र निर्माता के तौर पर महत्व समझाया। उन्होंने अपने शैक्षणिक स्टाफ पर पूरा भरोसा जताते हुए विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि जिन आशाओं को लेकर उनके माता-पिता और उन्होंने इस शैक्षणिक संस्था में प्रवेश किया है उन्हें हम अवश्य पूरा करेंगे। कार्यक्रम के अंत में कामर्स विभाग अध्यक्षा ऊषा गोयल ने सभी विद्यार्थियों का इस पावन अवसर पर ऑनलाईन जुड़ने व प्रिंसीपल ठाकुर का बच्चों को आशीर्वचन देने के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर कॉलेज का सारा शैक्षणिक स्टाफ एवं गूगल मीट पर 100 और कॉलेज के फेसबुक लिंक पर लगभग 200 विद्यार्थी ऑनलाइन उपस्थित थे ।

**एनएसएस स्वयंसेवकों ने मनाया शिक्षक दिवस**

जीएन कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी प्रो. आशीष बाघला के निर्देशन में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया। स्वयंसेवकों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए व्हाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शिक्षक दिवस पर चित्रों और विचारों को सांझा किया। शिक्षकों ने सोशल मीडिया पर छात्रों द्वारा दिए गए सम्मान को देखकर प्रसन्नता महसूस की। प्रिंसीपल डॉ. सुरिंदर सिंह ठाकुर ने एनएसएस विभाग के इन प्रयासों की सराहना की और छात्रों को अपने शिक्षकों द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चल कर जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

# गुरू नानक कॉलेज में ऑन लाइन मोड पर मनाया गया शिक्षक दिवस


डबवाली (लहू की लौ) गुरुनानक कॉलेज किलियांवाली में शनिवार को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को समर्पित शिक्षक दिवस कॉलेज के सभी विद्यार्थियों को गूगल मीट लिंक और कॉलेज के फेसबुक पेज लिंक के साथ जोड़कर ऑनलाइन मोड पर मनाया गया। अंग्रेजी विभाग अध्यक्षा मैडम सुरेंद्र कपिला ने विद्यार्थियों का विशेषकर के नवांगतुकों का गुरु नानक कॉलेज परिवार से जुड़ने के लिए स्वागत किया।

कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने अपने संबोधन में आज के दिन का महत्व बताते हुए अपने शिक्षकों को हमेशा सम्मान देने का संदेश दिया एवं आज कोविड-19 के विकट हालातों में भी नवीनतम तकनीक के जरिए विद्यार्थियों से इस वर्चुअल मंच पर जुड़ने की खुशी जताई। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि जीवन के प्रत्येक पग पर हमें अपने गुरुओं के आशीर्वाद की जरूरत रहती है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन द्वारा कोरोना वैक्सीन सर्वप्रथम देश के शिक्षकों एवं डॉक्टरों को दिए जाने का उदाहरण देते हुए उन्होंने अध्यापक का राष्ट्र निर्माता के तौर पर महत्व समझाया। उनके अनुसार शिक्षक का मंतव आपका सर्वपक्षीय विकास करना है, उसकी डांट में भी आपका सुधार छिपा है। सीनियर विद्यार्थियों को अपने जूनियर विद्यार्थियों के लिए एक आदर्श बन कर चलना चाहिए। उन्होंने अपने शैक्षणिक स्टाफ पर पूरा भरोसा जताते हुए विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि जिन आशाओं को लेकर उनके माता-पिता और उन्होंने इस शैक्षणिक संस्था में प्रवेश किया है उन्हें हम अवश्य पूरा करेंगे।




कार्यक्रम के अंत में कॉमर्स विभाग अध्यक्षा मैडम ऊषा गोयल ने सभी विद्यार्थियों का आज के पावन अवसर पर ऑनलाईन जुड़ने व प्रिंसीपल ठाकुर का बच्चों को आशीर्वचन देने के लिए धन्यवाद किया।

6 Sept



NSS GNC Killianwali
YOU ARE:
teach from the heart,
not from the book.
Happy Teachers' Day.
Happy Teacher's Day
"One book, one pen, one child, and one teacher can
Happy Teacher's Day
Happy TEACHERS' Day
The Indian EXPRESS
We will always be thankful to you; For all the hard work and efforts that you have put in, to educate us.
Happy Teachers' Day!
Catch a Glimpse
Catch a Glimpse
U are the guidence of my future. Let me wish you on this great moment with all my heart . . .
Happy TEACHER'S DAY
हैं,
विद्यालय के अध्यापक भी गुरु है
जिससे भी कुछ सिखा हैं हमने,
हमारे लिए हर वो शख्स

## गुरू नानक कॉलेज में घरेलू हिंसा विषय पर ऑनलाइन विस्तार व्याख्यान का आयोजन



डबवाली(लहू की लौ)गुरु नानक कॉलेज किलियांवाली में प्रिंसिपल डॉ. सुरेंद्र सिंह ठाकुर के प्रभावी नेतृत्व में संयुक्त रूप से महिला सेल और एनएसएस इकाई ने आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में घरेलू हिंसा विषय पर एक ऑनलाइन विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया। एनएसएस प्रभारी आशीष बागला ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी को बधाई दी और समाज में महिलाओं की उल्लेखनीय भूमिका के लिए सम्मान दिखाया। महिला सेल संयोजक मैडम सुरिंदर कपिला ने मुख्य अतिथि का परिचय दिया और मुख्य विषय का संक्षिप्त परिचय दिया। व्याख्यान शुरू करते हुए सत्र न्यायालय बठिंडा से वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. मनदीप कौर ढिल्लों ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी और कहा कि महिलाएँ समाज में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। डॉ. मनदीप कौर ढिल्लों ने घरेलू हिंसा के मुद्दों और परिणामों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और महिलाओं की भूमिका को समझाने के लिए उदाहरण दिए। उन्होंने बताया कि यह भगवान का आशीर्वाद है कि इस दुनिया के अस्तित्व में महिलाओं का बड़ा योगदान है। उन्होंने कुछ सामाजिक कारकों के कारण कुछ क्षेत्रों में बालिका शिक्षा और सशक्तिकरण की कमी के बारे में बताया। प्रिंसिपल डॉ. सुरिंदर सिंह ठाकुर ने अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि सरकार महिला सशक्तीकरण और समान भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए पूरी कोशिश कर रही है लेकिन आत्मविश्वास की कमी और जागरूकता की कमी के कारण महिलाओं की भागीदारी उम्मीद से कम है। अंत में महिला सेल सह-संयोजक डॉ. सीमा जिंदल ने सभी का धन्यवाद किया और हमारे समाज में महिलाओं की बेहतरी की कामना की।

Principal
Guru Nanak College
Killianwali (Sri Muktsar Sahib)



Principal
Guru Nanak College
Killianwali (Sri Muktsar Sahib)

## Independence Day Celebration

### स्वतंत्रता इंसान के लिए सबसे बहुमूल्य : ठाकुर



डबवाली (लहू की लौ)गुरु नानक कॉलेज किलियांवाली में आज 74वां स्वतंत्रता दिवस बड़े सादगी पूर्ण ढंग से सरकारी निर्देशों का पालन करते हुए सोशल डिस्टेंसिंग बरकरार रखते हुए मनाया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने की रस्म कालेज प्रबंधन समिति सचिव नीरज जिंदल ने अदा की एवं उन्होंने इस पावन राष्ट्रीय पर्व की सभी को हार्दिक बधाई दी।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कॉलेज प्रिंसिपल डॉ सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने स्वतंत्रता को इंसान के लिए सबसे बहुमूल्य चीज बताया एवं उन्होंने युवा वर्ग को अपनी स्वतंत्रता बरकरार रखने के लिए सदैव सजग रहने का आह्वान किया।

इस अवसर पर कॉलेज का सारा टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ मौजूद था। राष्ट्रीय गान से समापन करते हुए इस कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित स्टाफ मेंबरों को लड्डू वितरित किए गये।

Date :

[लहू की लौ] 16 August 2020

## स्वतंत्रता इंसान के लिए सबसे बहुमूल्य : ठाकुर



डबवाली (लहू की लौ) गुरु नानक कॉलेज किलियांवाली में आज 74वां स्वतंत्रता दिवस बड़े सादगी पूर्ण ढंग से सरकारी निर्देशों का पालन करते हुए सोशल डिस्टेंसिंग बरकरार रखते हुए मनाया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने की रस्म कालेज प्रबंधन समिति सचिव नीरज जिंदल ने अदा की एवं उन्होंने इस पावन राष्ट्रीय पर्व की सभी को हार्दिक बधाई दी।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कॉलेज प्रिंसिपल डॉ सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने स्वतंत्रता को इंसान के लिए सबसे बहुमूल्य चीज बताया एवं उन्होंने युवा वर्ग को अपनी स्वतंत्रता बरकरार रखने के लिए सदैव सजग रहने का आह्वान किया।

इस अवसर पर कॉलेज का सारा टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ मौजूद था। राष्ट्रीय गान से समापन करते हुए इस कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित स्टाफ मेंबरों को लड्डू वितरित किए गये।

→ Celebrated Independence Day on August 15, 2020

Principal
Guru Nanak College
Killianwali (Sri Muktsar Sahib)



Principal
Guru Nanak College
Killianwali (Sri Muktsar Sahib)

- **Janamashtami Celebration**

13 Aug

# हर्षोउल्लास से मनाया जन्माष्टमी पर्व



**डबवाली केसरी।** गुरुनानक कालेज किलियांवाली में बुधवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व सरकारी निर्देशानुसार व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए हर वर्ष की तरह बड़े हर्षोल्लास से सादगी पूर्ण ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर विशेष तौर पर उपस्थित कालेज प्रबंधन समिति सचिव नीरज जिन्दल व प्रबंधन समिति सदस्य कुलबीरइन्दर सिंह भाटी ने भगवान श्री कृष्ण को पुष्प अर्पण करते हुए उनके जीवन, उनकी शिक्षाओं विशेषकर गीता उपदेश पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए सभी को इस पावन पर्व की बधाई दी एवं उनकी शिक्षाओं पर चलने का संदेश दिया। प्रिंसीपल डॉ. सुरेन्द्र सिंह ठाकुर ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर पवित्र ग्रंथ गीता में वर्णित कर्म-सिद्धान्त पर रौशनी डालते हुए अपना कर्म करते रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर कालेज का टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ मौजूद था।

[डबवाली केसरी]
13 August 2020.

Page :
Date :

13 Aug

## हर्षोउल्लास से मनाया जन्माष्टमी पर्व

**डबवाली केसरी।**

गुरुनानक कालेज किलियांवाली में बुधवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व सरकारी निर्देशानुसार व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए हर वर्ष की तरह बड़े हर्षोल्लास से सादगी पूर्ण ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर विशेष तौर पर उपस्थित कालेज प्रबंधन समिति सचिव नीरज जिन्दल व प्रबंधन समिति सदस्य कुलबीरइन्दर सिंह भाटी ने भगवान श्री कृष्ण को पुष्प अर्पण करते हुए उनके जीवन, उनकी शिक्षाओं विशेषकर गीता उपदेश पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए सभी को इस पावन पर्व की बधाई दी एवं उनकी शिक्षाओं पर चलने का संदेश दिया। प्रिंसीपल डॉ. सुरेन्द्र सिंह ठाकुर ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर पवित्र ग्रंथ गीता में वर्णित कर्म-सिद्धान्त पर रौशनी डालते हुए अपना कर्म करते रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर कालेज का टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ मौजूद था।



⇒ Celebrated Janam Astami On 12 Aug. 2020


श्री कृष्ण जन्माष्टमी के
पावन पर्व की

- **<u>Gandhi Jayanti</u>**

# गुरु नानक कॉलेज में गांधी जयंती मनाई



डबवाली (त्रिवेणी केसरी) गुरु नानक कॉलेज किलियांवाली के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों की ओर से कार्यक्रम अधिकारी प्रो. आशीष बाघला के निर्देशन में महात्मा गांधी जयंती मनाई गई जिसमें स्वयंसेवकों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। कोरोनावायरस से सुरक्षा के लिए सरकार के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए स्वयंसेवकों ने अपने घर पर रहते हुए महात्मा गांधी के सम्मान में पोस्टर तैयार किए। उन्होंने अपने घरों और आस-पास के क्षेत्रों की सफाई की और पर्यावरण की बेहतरी के लिए पौधे भी लगाए। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा किए और लोगों को महात्मा गांधी के सिद्धांतों का पालन करने के लिये प्रोत्साहित किया। प्रिंसिपल डॉ. सुरिंदर सिंह ठाकुर ने एन.एस.एस. विभाग के इन प्रयासों की सराहना की और उन्हें महात्मा गांधी के सिद्धांतों का पालन करने, सामाजिक सेवा गतिविधियों में शामिल होने और सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया।

Principal
Guru Nanak College
Killianwali (Sri Muktsar Sahib)


## गुरु नानक कॉलेज में गांधी जयंती मनाई



डबवाली (लहू की लौ) गुरु नानक कॉलेज किलियांवाली के एन. एस. एस. स्वयंसेवकों की ओर से कार्यक्रम अधिकारी प्रो. आशीष बाघला के निर्देशन में महात्मा गांधी जयंती मनाई गई जिसमें स्वयंसेवकों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। कोरोनावायरस से सुरक्षा के लिए सरकार के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए स्वयंसेवकों ने अपने घर पर रहते हुए महात्मा गांधी के सम्मान में पोस्टर तैयार किए। उन्होंने अपने घरों और आस-पास के क्षेत्रों की सफाई की और पर्यावरण की बेहतरी के लिए पौधे भी लगाए। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट सांझा किए और लोगों को महात्मा गाँधी के सिद्धांतों का पालन करने के लिये प्रोत्साहित किया। प्रिंसिपल डॉ. सुरिंदर सिंह ठाकुर ने एन.एस.एस. विभाग के इन प्रयासों की सराहना की और उन्हें महात्मा गांधी के सिद्धांतों का पालन करने, सामाजिक सेवा गतिविधियों में शामिल होने और सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया।

Principal
Guru Nanak College
Killianwali (Sri Muktsar Sahib)















Principal
Guru Nanak College
Killianwali (Sri Muktsar Sahib)


## 2 <u>International Commemorative Days</u>

- **International Human Rights Day**

# अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया

डबवाली केसरी।

गुरुनानक कॉलेज किलियांवाली के राजनीति शास्त्र विभाग की थिंकर सोसायटी द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस बड़ी संजीदगी से गूगल मीट ऑनलाइन मंच के जरिये मनाया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अमित बहल ने विद्यार्थियों को मानवाधिकारों के इतिहास, यूएनओ द्वारा 10 दिसंबर 1948 को इनकी घोषणा किया जाना, विश्व और भारत में इनकी स्थिति आदि पर विस्तृत रूप से रोशनी डाली। उन्होंने विशेष तौर पर इंगित किया कि इंसान होने के नाते मानवाधिकार हमें मिलने ही चाहिए पर दुख की बात यह भी है कि शुरू से ही मानव के मानवाधिकारों का हनन होता आया है एवं आज तक यह जारी है। आज का दिन हमें इनके प्रति जागरूक होने और इन के उल्लंघन के खिलाफ आवाज बुलंद करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने जानकारी दी कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मानवाधिकार दिवस की थीम रखी गई है 'बेहतर मानव अधिकारों के




लिए फिर से खड़े हो जाओ' ये थीम कोरोना वायरस के चलते रखी गई है क्योंकि कोरोना वायरस के चलते पूरी दुनिया के इंसानों के अधिकारों के सामने मुश्किल खड़ी हो गई हैं। मानवाधिकार दिवस के मौके पर संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने कहा है कि कोरोना वायरस से लड़ने के लिए हमें एकजुट कोशिश करनी होगी, लैंगिक समानता व जनभागीदारी की जरूरत होगी। इसके साथ ही जलवायु और लम्बे समय तक चलने वाला टिकाऊ विकास करना होगा, जिसमें मानवाधिकार का महत्व भी हो।

इस अवसर पर कालेज के बीए प्रथम की छात्रा बेअंत कौर, बीए द्वितीय के छात्र जशनप्रीत सिंह और गुरजीत एवं बीए तृतीय की छात्रा पिंका ने अपने-अपने विचारों से विद्यार्थियों को इस विषय के अलग-अलग पहलुओं के बारे में अवगत कराया।

कार्यक्रम के अंत में कालेज प्रिंसिपल डॉ सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने सभी को मानवाधिकारों के प्रति हमेशा सजग रहने की प्रेरणा दी एवं इसके लिए जो भी संघर्ष करना पड़े उसके लिए हौसले से प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने आगाह किया कि यदि हम अपने मानव अधिकारों का उल्लंघन बर्दाश्त करते रहेंगे तो इनका हनन करने वालों का हौसला बढ़ता रहेगा। मानव अधिकारों में बदलते समय में परिवर्तन समय की मांग है एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं इसके लिए लगातार कोशिश कर रही है। सो हमें सतत जागरूक व प्रयासरत रहकर अपने मानवाधिकारों को हर ओर से पड़ रहे खतरों से रक्षा करना होगी। उन्होंने विभाग के इस प्रयास की सराहना की और प्रतिभागी बच्चों को शाबाशी दी।


International
HUMAN
RIGHTS
DAY
10 December
shutterstock
1:42 PM

- **<u>International Yoga Day</u>**

# गुरु नानक कॉलेज में एन.एस.एस और एन.सी.सी के स्वयंसेवकों ने ऑन लाईन योग दिवस मनाया



डबवाली(त्रिवेणी केसरी) गुरु नानक कॉलेज किलियांवाली की ओर से 7वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एन.एस.एस और एन.सी.सी के स्वयंसेवकों और कैडेटों ने संयुक्त रूप से अपने घरों में रहते हुए विभिन्न योग आसन और प्राणायाम गतिविधियों का प्रदर्शन करके इस दिन को मनाया। यह गतिविधि पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ और बटालियन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार एन.एस.एस और एन.सी.सी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की गई। छात्रों ने अपने परिवारों को योग करने और इसे जीवन भर अपनी दिनचर्या बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

एन.सी.सी सीटीओ प्रो. प्रिंस सिंगला और एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी प्रो. आशीष बाघला ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में योग और स्वास्थ्य देखभाल प्रमुख हो रही है और यहां तक कि दुनिया भी इस बात से सहमत है कि योग वास्तव में शरीर की ताकत और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में सहायक है। प्रधानाचार्य डॉ. सुरिंदर सिंह ठाकुर ने एन.एस.एस और एन.सी.सी. के प्रयासों की सराहना करते हुए इस तथ्य को समझाया कि हमारा देश योग के क्षेत्र में विश्व गुरु बनने की ओर बढ़ रहा है और सभी नागरिकों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी। उन्होंने आगे बताया कि कोरोनावायरस ने कई अन्य मानसिक बीमारियों के साथ-साथ लोगों को अवसाद और चिंता में डाल दिया है।

घर से लगातार काम करना उनके सामाजिक जीवन को भी प्रभावित कर रहा है जिसमें योग उन्हें मानसिक शांति पाने में मदद कर सकता है और वे योग आसन और प्राणायाम की मदद से ऊर्जावान रूप से काम कर सकते हैं।

Principal
Guru Nanak College
Killianwali (Sri Muktsar Sahib)


# योग के क्षेत्र में विश्व गुरु बनने की ओर बढ़ रहा है हमारा देश: सुरेंद्र ठाकुर

पब्लिक मंच, डबवाली


गुरु नानक कॉलेज किलियांवाली की ओर से 7वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एन.एस.एस और एन.सी.सी के स्वयंसेवकों और कैडेटों ने संयुक्त रूप से अपने घरों में रहते हुए विभिन्न योग आसन और प्राणायाम गतिविधियों का प्रदर्शन करके इस दिन को मनाया। यह गतिविधि पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ और बटालियन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार एन.एस.एस और एन.सी.सी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की गई। छात्रों ने अपने परिवारों को योग करने और इसे जीवन भर अपनी दिनचर्या बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

एन.सी.सी सीटीओ प्रो. प्रिंस सिंगला और एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी प्रो. आशीष बाघला ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में योग और स्वास्थ्य देखभाल प्रमुख हो रही है और यहां तक कि दुनिया भी इस बात से सहमत है कि योग वास्तव में शरीर की ताकत और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में सहायक है।

प्रधानाचार्य डॉ. सुरिंद्र सिंह ठाकुर ने एन.एस.एस और एन.सी.सी. के प्रयासों की सराहना करते हुए इस तथ्य को समझाया कि हमारा देश योग के क्षेत्र में विश्व गुरु बनने की ओर बढ़ रहा है और सभी नागरिकों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी। उन्होंने आगे बताया कि कोरोनावायरस ने कई अन्य मानसिक बीमारियों के साथ-साथ लोगों को अवसाद और चिंता में डाल दिया है। घर से लगातार काम करना उनके सामाजिक जीवन को भी प्रभावित कर रहा है जिसमें योग उन्हें मानसिक शांति पाने में मदद कर सकता है और वे योग आसन और प्राणायाम की मदद से ऊर्जावान रूप से काम कर सकते हैं।



Principal
Guru Nanak College
Killianwali (Sri Muktsar Sahib)


adidas

- **International Women Day**



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में घरेलू हिंसा विषय पर हुआ ऑनलाइन व्याख्यान

← Public Manch dated 9.3.2021.

गुरू नानक कॉलेज में घरेलू हिंसा विषय पर ऑनलाइन विस्तार व्याख्यान का आयोजन

लहू की लौ दिनांक 9 मार्च, 2021 →

Dabwali Darpan 9.3.2021.

09 मार्च 2021


गुरु नानक कॉलेज में महिला दिवस पर व्यख्यान आयोजित

डबवाली दर्पण

Dabwali Kesri 9.3.2021.

'घरेलू हिंसा' विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान आयोजित

डबवाली केसरी



Principal
Guru Nanak College
Killianwali (Sri Muktsar Sahib)